# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सोहासे सोमाली की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सोहासे सोमाली की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

1. उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय
2. उ0नि0 राम प्रसाद
3. हेड कांस्टेबल शैलेंद्र गिरी
4. म0का0 कालिंदी यादव

## प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा अपहरण के 01 नफर वांछित अभियुक्त को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में एवं थानाध्यक्ष भवानीगंज विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.07.2026 को थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 86/2026 धारा 137(2),87 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त को 24 घंटे के अन्दर भडरिया चौराहा से बेवा को जाने वाली रोड की उत्तरी पटरी से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.सिराज खान पुत्र साबिर अली निवासी ग्राम सेखुईताज टोला शादीजोत थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 राममिलन सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

2.का0 राजकुमार राय थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

3.म0का0 उर्मिला थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में एवं थानाध्यक्ष भवानीगंज विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.07.2026 को थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/2026 धारा 316(5), 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त को सरयू नहर पुल भड़रिया से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त  का विवरणः-**

01.राजकुमार पुत्र स्व0 मोतीलाल निवासी सोहेलवा पो0 अहिरौला वार्ड नं0 6 थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 रामशब्द यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।

2.हे0का0 जितेन्द्र सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

3.का0 दिनेश यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना गोल्हौरा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मनखोरिया में वरिष्ठ नागरिको के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण रामदेव थानाध्यक्ष गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आज 04.07.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम मनखोरिया में जनसंवाद एवम गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिको के साथ बैठकर उनकी समस्याओ एव कुशलक्षेम के सम्बन्ध मे जानकारी प्राप्त की गयी उपस्थित ग्रामीणो द्वारा बताया गया कि उन्हे वृद्धावस्था पेशन का लाभ नियमित रूप से मिल रहा है और किसी प्रकार की अन्य कोई समस्या नही प्रकट किये उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

01.मु0आ0 कपिलदेव बौद्ध थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आ0 मनीष यादव थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

03.म0आ0 आराधना कुमारी थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना डुमरियागंज कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम डुमरियागंज में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04.07.2026 को प्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज के नेतृत्व में थाना डुमरियागंज कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम डुमरियागंज में कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

01.उ0नि0 राम मिलन आजाद थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

02.का0 पंकज मौर्या थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

03.म0आ0 नीलम यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना कपिलवस्तु कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम झुलनीपुर मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04.07.2026 को विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष कपिलवस्तु के नेतृत्व में थाना कपिलवस्तु कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम झुलनीपुर मे कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

01.उ0नि0 सुमेर यादव थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
02.मा0आ0 सुषमा वर्मा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।
03.आ0 राहुल आशीष थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- परसा बुजुर्ग मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04.07.2026 को प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- परसा बुजुर्ग में कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

1.उ0नि0 राम प्रसाद थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

2.हे0का0 शैलेंद्र गिरी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

3.म0का0कालिंदी यादव थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा पैट्रिक इंटर कॉलेज ग्राम कठेला सर्की की छात्राओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 04.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेद्वी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा पैट्रिक इंटर कॉलेज ग्राम कठेला सर्की की छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का उदघोष नारी सुरक्षा, नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन तथा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान" महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें स्कूल के लगभग 45 बालिकाएं उपस्थित रही जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो/बाजारो/कोचिंग संस्थान व को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन, यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए), 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर, 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र, से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहे "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान" सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' की अवधारणा, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्रावधान(कवच परियोजना), प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

**मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 शिव शंकर शर्मा

02.हे0का0 कमलेश यादव

03.रि0म0का0 अल्का कुमारी

## प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम सेमरी खानकोट की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 04.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पविन प्रकाश के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के नेतृत्व में थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम सेमरी खानकोट थाना इटवा जनपद सिद्धार्थ नगर की महिलाओं को एकत्रित कर के महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरो 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई की जानकारी।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 राजेन्द्र शाही
02. का0 नितिन यादव
03.का0 सुशांत शर्मा

04.म0आ0 साधना यादव

05.रि0म0अ0 साधना

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनौली नानकार छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोनौली नानकार की छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 बी0एन0 यादव

02.म0आ0 नीलम

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज कुड़ी की बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज कुड़ी की बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से जागरूक किया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 वीरेंद्र कुमार
02. म0का0 रेनू
03. रि0म0का0 दिव्या यादव

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम- सेमरी खान कोट मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.07.2026 को कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम थाना स्थानीय से प्रस्थान करके ग्राम सेमरी खान कोट पहुंचाकर  वृद्ध पुरुषों, महिलाओं, बिकलांग व्यक्तियों व नव युवकों ( किशोरों) की चौपाल लगाई गई, जन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान उपस्थित जन समुदाय को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से बचाव,महिला सुरक्षा, बाल अपराधों की रोक थाम,नशा मुक्त होकर देश का सभ्य और सुसंस्कृत नागरिक बनने, यातायात नियमों के पालन तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक,अश्लील, आपत्ति जनक पोस्ट न डालने, न शेयर करने के संबंध में जागरूक किया गया तथा जागरूक होने के उपरांत भी दुर्भाग्य से साइबर अपराध का शिकार हो जाने पर अविलंब साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी सूचना दर्ज कराने तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों, संदिग्ध व्यक्तियों अथवा घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा आपात कालीन सहायता के लिए डायल 112 को सूचना देने व अन्य प्रचलित हेल्प लाइन नम्बरों के संबंध में जानकारी दी गई। बचाव, सतर्कता और जागरूकता ही किसी गंभीर समस्या का इलाज है। तथा 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों का नाम पता लिख कर उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा टीम का मोबाइल नंबर प्रदान किया गया और उनसे अनुरोध किया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस आप के द्वार हैं तथा आप की सहायता के लिए तत्पर है। सभी ने कुशलता प्रकट की तथा आवश्यकता पड़ने पर फोन करने व संवाद स्थापित करने को कहा तथा उच्चाधिकारियों के इस प्रयोग की सराहना करते हुए लोगों ने बताया कि इस प्रकार धीरे धीरे जनता में पुलिस का विश्वास स्थापित होगा यह प्रयास निरन्तर जारी रहना चाहिये।

**कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजेंद्र शाही

02.का0 नितिन यादव

03.म0का0 साधना यादव

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना त्रिलोकपुर कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम चोरथरी में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा  क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज पर्यवेक्षण तथा हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) के अंतर्गत आज दिनांक 04.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम चोरथरी में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय 04 बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 गणेश कुमार

02.आ0 लाल बाबू निषाद

03.रि0म0आ0 रुचि

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना लोटन कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के कस्बा लोटन में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण तथा हरिओम कुशवाहा थानाध्यक्ष लोटन के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 04.07.2026 को कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम द्वारा थाना कोतवाली लोटन,जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम कस्बा लोटन में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 सुदामा यादव
02. रि0का0 संदीप सिंह
03. रि0का0 सुनील कुमार
04. रि0म0का0 कीर्ति

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा सर्किल कार्यालय पर कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ क्षेत्र के आमजन के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत डॉ. अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत आज दिनांक 04.07.2026 को क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान आमजन के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलता, क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर लोगो को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। गोष्ठी में सम्मिलित लोगो द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई । गोष्ठी के दौरान नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ़ व अन्य कर्मचारी की उपस्थिती रही।

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मिश्रौलिया कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मधवापुर खुर्द में वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मिश्रौलिया के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग युनिट टीम द्वारा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.07.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम मधवापुर खुर्द में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. हे0का0 राकेश कुमार

02.का0 अरमान वर्मा

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 04.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त एवम् चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।